व्यक्त करना—प्रकट करना। **भाव-संकेत**—भावों को प्रकट करने वाले चिह्न। **अस्तित्व**—विद्यमानता। **वृत्त**—गोल घेरा। **द्योतक**—प्रकट करने वाले। **काफ़ी**—पर्याप्त। **सिलसिला**—क्रम।

पृष्ठ 30

शुरुआत—आरंभ। **सभ्य**—शिष्ट, समझदार। **कौम**—जाति। **पीढ़ी**—किसी जाति, कुल या व्यक्ति की वंश परंपरा की कोई कड़ी।

3. अर्थग्रहण संबंधी एवं बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

नीचे लिखे गद्यांशों को पढ़िए और उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

1 दुनिया में अब तक करोड़ों पुस्तकें छप चुकी हैं। हज़ारों पुस्तकें रोज़ छपती हैं। तरह-तरह के अक्षरों में हज़ारों की तादाद में रोज़ ही समाचार-पत्र छपते रहते हैं। इन सबके मूल में हैं अक्षर। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि यदि आदमी अक्षरों को न जानता, तो आज इस दुनिया का क्या हाल होता। (पृष्ठ 28)

प्रश्न—

(क) *संसार में पुस्तकों की क्या स्थिति है?*

(ख) *पुस्तकों और समाचारों का छपना कैसे संभव हो पाया है?*

(ग) *अक्षरों के बिना दुनिया की क्या हालत होती?*

उत्तर—(क) हज़ारों पुस्तकें प्रतिदिन छपती हैं। अब तक संसार में करोड़ों पुस्तकें छप चुकी हैं।

(ख) पुस्तकों और समाचारों का छपना अक्षरों के कारण ही संभव हो सका है। यदि अक्षर न होते तो आज हजारों पुस्तकें और समाचार-पत्र न छप पाते।

(ग) यदि अक्षर न होते तो दुनिया की हालत बड़ी विचित्र होती। आज हमारे पास जो पुस्तकों में सुरक्षित ज्ञान का अथाह भंडार है वह अक्षरों के कारण ही संभव हो पाया है।

2 हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव-जंतु नहीं थे। फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ।

कोई दस हज़ार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया। वह खेती करने लगा। वह पत्थरों के औज़ारों का इस्तेमाल करता था। फिर उसने ताँबे और काँसे के भी औज़ार बनाए। (पृष्ठ 29)

बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

1. *यह धरती कितने साल पुरानी है?*

(क) पाँच अरब साल (ख) चार अरब साल

(ग) तीन अरब साल (घ) अनुमान नहीं लगाया जा सकता

2. *आदमी से पूर्व इस धरती पर किसका राज्य था?*

(क) सभी प्रकार के जीव-जंतुओं का

(ख) जंगली जीवों का

(ग) देवताओं का

(घ) केवल समुद्री जीवों का क्योंकि धरती पर पानी ही पानी था।

3. *आदमी ने कितने साल पहले अस्तित्व लिया?*

(क) दो लाख साल (ख) छः लाख साल (ग) पाँच लाख साल (घ) दस लाख साल

4. *गाँवों का विकास कितने वर्ष पूर्व हुआ?*
(क) दस हजार (ख) पंद्रह हजार (ग) छः हजार (घ) पाँच हजार
5. *मनुष्य ने खेती के लिए किन-किन औजारों का प्रयोग किया?*
(क) लोहे, ताँबे, चाँदी (ख) लोहे, ताँबे, काँसे (ग) लोहे, ताँबे, लकड़ी (घ) लोहे, ताँबे, सोने

उत्तर– 1. (क) 2. (क) 3. (ग) 4. (क) 5. (ख)

3 प्रागैतिहासिक मानव ने सबसे पहले चित्रों के ज़रिए अपने भाव व्यक्त किए। जैसे, पशुओं, पक्षियों, आदमियों आदि के चित्र। इन चित्र-संकेतों से बाद में भाव-संकेत अस्तित्व में आए। जैसे, एक छोटे वृत्त के चहुँ ओर किरणों की द्योतक रेखाएँ खींचने पर वह 'सूर्य' का चित्र बन जाता था। बाद में यही चित्र 'ताप' या 'धूप' का द्योतक बन गया। इस तरह अनेक भाव-संकेत अस्तित्व में आए। *(पृष्ठ 29)*

प्रश्न–

(क) *प्रागैतिहासिक मानव से क्या अभिप्राय है?*
(ख) *मानव ने सबसे पहले अपने भाव कैसे व्यक्त करने शुरू किए?*
(ग) *भाव-संकेत अस्तित्व में कब आए? सोदाहरण लिखिए।*

उत्तर–(क) प्रागैतिहासिक से अभिप्राय है–इतिहास से पहले का काल। जब से मनुष्य ने लिखना शुरू किया, तब से उसके इतिहास का पता चलता है। इससे पहले के काल को प्रागैतिहासिक काल कहते हैं।

(ख) मनुष्य ने अपने भावों को सबसे पहले चित्रों के जरिए प्रकट करना शुरू किया। वह पशुओं, पक्षियों, आदमियों आदि के चित्र बनाकर अपने भाव प्रकट करता था।

(ग) चित्र-संकेतों के बाद भाव-संकेतों की शुरुआत हुई। एक छोटे गोले के चारों ओर रेखाएँ खींचकर सूर्य का चित्र बना दिया गया। बाद में यही चित्र 'धूप' के लिए काम में लाया जाने लगा।

4 अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई। आदमी अपने विचार और अपने हिसाब-किताब को लिखकर रखने लगा। तबसे मानव को 'सभ्य' कहा जाने लगा। आदमी ने जबसे लिखना शुरू किया तबसे 'इतिहास' आरंभ हुआ। किसी भी कौम या देश का इतिहास तब से शुरू होता है जबसे आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं। इस प्रकार, इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छह हज़ार साल हुए हैं। उसके पहले के काल को 'प्रागैतिहासिक काल' यानी इतिहास के पहले का काल कहते हैं। (पृष्ठ 30)

बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

1. *नए युग की शुरुआत कब से मानी जाती है?*
(क) जब मनुष्य ने बोलना सीखा।
(ख) जब मनुष्य ने अक्षरों की खोज की अर्थात् जब विचार लिखे जाने लगे।
(ग) जब मानव इमारतें बनाकर रहने लगा।
(घ) जब मनुष्य में प्रतिस्पर्धा की भावना आई।
2. *अक्षरों की खोज से क्या हुआ?*
(क) कई सभ्यताओं के विचार मिल गए।
(ख) मनुष्य अपने विचार हिसाब-किताब लिखकर प्रस्तुत करने लगा।
(ग) भाषा का आदान-प्रदान होने लगा।
(घ) इनमें से कोई नहीं।
3. *इतिहास का आरंभ कब से हुआ?*
(क) लगभग छः हजार वर्ष पूर्व (ख) लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व
(ग) लगभग सात हजार वर्ष पूर्व (घ) लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व

4. इतिहास से पहले के काल को नाम दिया गया?

(क) प्राचीनकाल (ख) प्रागैतिहासिक काल (ग) मध्यकाल

5. मनुष्य को सभ्य कब माना गया?

(क) जब उसने चित्र संकेतों की खोज की (ख) जब उसने भाव संके

(ग) जब उसने विचारों का आदान-प्रदान बोल कर किया। (घ) जब उसने अक्षरों की

उत्तर– 1. (ख) 2. (ख) 3. (क) 4. (ख) 5.

SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL

SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL

CMS

CHAKDAHA